# मुझे दुनिया की परवाह नहीं मेरा सांवरिया से नाता है

मुझे दुनिया की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है,
मेरा सांवरिया से नाता है,
दुनिया तो सारी मतलब की,
यहाँ कौन किसी का होता है,
मुझे दुनियां की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है।bd।

तर्ज – मैंने सारे सहारे छोड़ दिए।

---

अब श्याम सहारा तेरा है,
तेरे दर से गुज़ारा मेरा है,
तू तो मेरा है तू तो मेरा है,
अब जीवन के हर सुख दुःख में,
मेरे काम श्याम ही आता है,
मुझे दुनियां की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है।bd।

---

दर दर पे भटकना छोड़ दिया,
झूठी दुनिया से मुख को मोड़ लिया,
अब छोड़ दिया हो मुख मोड़ लिया,
फीके दुनिया के रंग सभी,
मने श्याम रंग ही भाता है,
मुझे दुनियां की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है।bd।

---

अब चिंता नहीं कुछ करने की,
ना जीने की ना मरने की,
ना मरने की ना कुछ करने की,
करता तो सब है सांवरिया,
बस नाम मेरा हो जाता है,
मुझे दुनियां की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है।bd।

---

क्या कमी है अब तुम साथ मेरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

किसी और की क्या दरकार मुझे,
हाय अब साथ मेरे तुम साथ मेरे,
तेरी रेहमत से 'जिन्नी' तेरा,
अब जग में मौज उड़ाता है,
मुझे दुनियां की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है।**bd।**

---

मुझे दुनिया की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है,
मेरा सांवरिया से नाता है,
दुनिया तो सारी मतलब की,
यहाँ कौन किसी का होता है,
मुझे दुनियां की परवाह नहीं,
मेरा सांवरिया से नाता है।**bd।**

**Singer – Shivam Sukhija**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com